Nai Dunia (Indore), 07th February 2014

### रूस में जून माह में होगा कॉम्पीटिशन

# वर्ल्ड इंफॉर्मेटिक्स ओलंपियाड के फाइनल में आईआईटी इंदौर

**इंदौर।** आईआईटी इंदौर अब ग्लोबल लेवल पर अपना टैलेंट दिखाएगा। वर्ल्ड लेवल पर होने वाले इंफॉर्मेटिक्स ओलंपियाड के फाइनल में आईआईटी इंदौर ने अपना स्थान बनाया है।

**रूस** में जून माह में होने वाले इस कॉम्पीटिशन इंडिया से फाइनल राउंड के लिए आठ टीमें सिलेक्ट हुई हैं। इनमें आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी रुड़की, आईआईटी मद्रास, डीटीयू दिल्ली, एएनआईटीएस आंध्रप्रदेश, अमृतपुर यूनिवर्सिटी व आईआईटी इंदौर शामिल हैं। आईआईटी इंदौर की टीम में थर्ड ईयर के चार स्टूडेंट्स हैं।

मेंबर्स का कहना है कि फाइनल राउंड में पहुंचना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। असिस्टेंट प्रोफेसर व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के हेड डॉ.अभिषेक श्रीवास्तव स्टूडेंट्स को गाइड कर रहे हैं। इंडिया से इस कॉम्पीटिशन के नेशनल लेवल में 3 हजार से ज्यादा टीमों ने पार्टिसिपेट किया था। कुछ समय पहले स्थापित हुए आईआईटीज में से सबसे पहले ये उपलब्धि इंदौर के खाते में जुड़ी है। रूस में होने वाला फाइनल राउंड पांच दिनों तक चलेगा।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर • Indian Institute of Technology Indore • IIT Indore

॥ ज्ञानम् सर्वजनहिताय ॥

### रिसर्च में अच्छे प्रदर्शन पर फैलोशिप

रिसर्च के क्षेत्र में भी आईआईटी के स्टूडेंट अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। संस्थान के पीएचडी स्कॉलर पूरन सिंह को प्रतिष्ठित फुलब्राइट नेहरू डॉक्टोरल रिसर्च फैलोशिप मिली है। पीआरओ डॉ.निर्मला ने बताया कि एक हफ्ते पहले ही पूरन को स्कॉलरशिप ऑफर हुई है। अब वे यूएसए में अगस्त-2014 से अप्रैल-2015 तक लगातार नौ महीने अपनी रिसर्च जारी रख पाएंगे। पूरन को ये स्कॉलरशिप उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट शोध के लिए यूनाईटेड-स्टेटस इंडिया एजुकेशन फाउंडेशन (यूएसआईईएफ) द्वारा अवॉर्ड की गई है।